>

Title: Need to give employment to family members of farmers whose land has been acquired by the industrial units in Bharuch district, Gujarat.

श्री मनसुखभाई डी. वसावा : मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत वागरा जम्भूसर, अंकलेश्वर एवं झगडिया क्षेत्रों में किसानों की जमीन अधिग्रहीत करके वहां पर कई उद्योगों की स्थापना की गई एवं इन उद्योगों के लिए सरकार ने सस्ते दाम पर इन किसान लोगों की जमीन ली एवं इन उद्योगों को कई प्रकार की सहायता केन्द्र स्तर पर दी है। इन किसानों को उनकी जमीन का सही मुआवजा नहीं मिला और न ही इन उद्योगों से कई विस्थापित परिवार के लोगों को नौकरियां मिलीं। इन सबके कारण यहां के किसान बेरोजगार हो गये हैं, यह उनके साथ अन्याय हुआ है क्योंकि उनके परिवार के पास पर्याप्त भूमि नहीं है और न ही उनके पास पर्याप्त धन है कि कहीं ओर जमीन खरीद सकें। इस संबंध में मैं केन्द्र सरकार का ध्यान बराबर दिलाता रहा हूं, परन्तु सरकार विस्थापित किसान परिवार के लोगों को इन उद्योगों में रोजगार नहीं दिला सकी है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि भरूच में जिन किसानों लोगों की जमीन को अधिग्रहीत करके जो उद्योग स्थापित हुए हैं उनके परिवारजनों को संबंधित उद्योग में रोजगार दिलाये जायें।